Hindi

VICTORIA POLICE

## ड्रग ड्राइविंग इन्फ्रिन्ज्मन्ट – आपके ओरल फ्लूएड सैंपल (मुंह के तरल पदार्थ के नमूने) की और अधिक जांच

आपको ड्रग ड्राइविंग के लिए 'इन्फ्रिन्ज्मन्ट नोटिस' जारी किया गया है (**इन्फ्रिन्ज्मन्ट**)। इस दस्तावेज़ का उद्देश्य आपको यह बताना है कि आपका ओरल फ्लूएड और अधिक जांच के लिए एक अनुमोदित प्रयोगशाला में भेजा जाएगा, और ऐसा इसलिए भी किया जाएगा ताकि प्रयोगशाला की जांच के परिणामों के आधार पर आपके इन्फ्रिन्ज्मन्ट से कैसे निपटना है, इसके बारे में आपको सूचना दी जा सके।

आपको इन्फ्रिन्ज्मन्ट नोटिस जारी किए जाने से पहले, एक प्रिस्क्राइबड ओरल फ्लूएड टेस्ट उपकरण द्वारा आपके ओरल फ्लूएड के सैंपल की जांच की गई थी। इस जांच के परिणाम से आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में एक प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग का होना पाया गया है।

विक्टोरिया पुलिस के अनुभव में, प्रिस्क्राइब ओरल फ्लूएड टेस्ट उपकरण अधिकांश मामलों में सटीक परिणाम उत्पन्न करते हैं। यह पुष्टि करने के लिए कि आपके मामले में परिणाम सटीक था, विक्टोरिया पुलिस आपके ओरल फ्लूएड सैंपल की और अधिक जांच किए जाने के लिए इसे एक अनुमोदित प्रयोगशाला को भेजेगी।

निम्नलिखित तालिका यह दर्शाती है कि **प्रयोगशाला की जांच के परिणाम पर निर्भर करते हुए** आपके इन्फ्रिन्ज्मन्ट का निपटान कैसे किया जाएगा।

| |
|---|
| यदि प्रयोगशाला की जांच से यह **पुष्टि होती है** कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो इन्फ्रिन्ज्मन्ट का लागू होना जारी रहता है, और आपके दायित्व तथा विकल्प का विवरण (जैसे कि इन्फ्रिन्ज्मन्ट का विरोध करने का आपका अधिकार) इन्फ्रिन्ज्मन्ट नोटिस में दिया जाता है।<br>यदि ऐसा होता है, तो आपको प्रयोगशाला की जांच के परिणाम की सूचना नहीं दी जाएगी, बशर्ते कि आप इन्फ्रिन्ज्मन्ट का विरोध करते/करती हैं। |
| यदि प्रयोगशाला की जांच से यह **पुष्टि नहीं होती है** कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो इन्फ्रिन्ज्मन्ट नोटिस वापिस ले लिया जाएगा, और इन्फ्रिन्ज्मन्ट पर कोई दंड लागू नहीं होगा।<br>यदि ऐसा होता है तो विक्टोरिया पुलिस आपको उस पते पर पत्र भेजकर इसकी सूचना देगी जो आपने विक्टोरिया पुलिस को दिया है। यदि आपने जुर्माने का भुगतान कर दिया है, तो आपका भुगतान आपको रिफंड कर दिया जाएगा। |
| यदि विक्टोरिया पुलिस को इन्फ्रिन्ज्मन्ट की दिनांक से 28 दिनों में प्रयोगशाला की जांच का **परिणाम नहीं मिलता है**,तो इन्फ्रिन्ज्मन्ट वापिस ले लिया जाएगा।<br>यदि ऐसा होता है तो विक्टोरिया पुलिस आपको उस पते पर पत्र भेजकर इसकी सूचना देगी जो आपने विक्टोरिया पुलिस को दिया है। यदि आपने जुर्माने का भुगतान कर दिया है, तो आपका भुगतान आपको रिफंड कर दिया जाएगा।<br>आपके ओरल फ्लूएड सैंपल की **जांच फिर भी एक अनुमोदित प्रयोगशाला द्वारा की जाएगी**।<br>यदि प्रयोगशाला की जांच के परिणाम से यह पुष्टि होती है कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो आपको कथित अपराध के लिए एक **नया** इन्फ्रिन्ज्मन्ट नोटिस जारी किया जाएगा।<br>यदि प्रयोगशाला की जांच के परिणाम से **यह पुष्टि नहीं होती है** कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो आगे कोई और कार्यवाही नहीं की जाएगी। |

आप इन्फ्रिन्ज्मन्ट की दिनांक से **28 दिनों के भीतर** इन्फ्रिन्ज्मन्ट का विरोध कर सकते/सकती हैं।

यदि आप इन्फ्रिन्ज्मन्ट का **विरोध** करते/करती हैं, और प्रयोगशाला के टेस्ट परिणाम से यह पुष्टि होती है कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो विक्टोरिया पुलिस **प्रयोगशाला की जांच के परिणाम पर निर्भर करते हुए** आपके मामले को अदालत में निर्धारित किए जाने की कोशिश करेगी।

यदि आप इन्फ्रिन्ज्मन्ट का **विरोध नहीं** करते/करती हैं, और विरोध करने की अवधि में प्रयोगशाला की जांच के परिणाम से यह पुष्टि होती है कि आपके ओरल फ्लूएड सैंपल में प्रिस्क्राइब अवैध ड्रग शामिल थी, तो आपको अपने आप अपराध के लिए दोषी ठहराया जाएगा, भले ही आपने जुर्माने का भुगतान किया हो या न किया हो।

जुर्माना प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी Fines Victoria की वेबसाइट www.online.fines.vic.gov.au पर या Fines Victoria को सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे के बीच (03) 9200 8111 पर फोन करके प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीण विक्टोरिया से फोन करने वाले लोग लोकल कॉल की लागत पर Fines Victoria को 1300 369 819 पर फोन कर सकते हैं।